Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:40 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 7:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 188 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 16 जनवरी 2026



गौरव खन्ना ने पत्नी के बर्थडे से...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सट्टा खेलते युवक गिरफ्तार, 1380 रुपये नकद बरामद

हल्द्वानी। थाना क्षेत्र में जुआ-सट्टे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक को सट्टा लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन तथा 1380 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। आरोपी के विरुद्ध धारा 13 जी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान बुध बाजार जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति को पक? लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम अब्दुल कलाम पुत्र स्वर्गीय अब्दुल रहमान, निवासी चोरगलिया रोड, लाइन नंबर 17 तिराहा, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर सट्टा पर्ची और 1380 रुपये बरामद हुए। उसके के विरुद्ध धारा 13 जी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार, 62 पाउच बरामद

हल्द्वानी। चोरगलिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नदौर नदी के पूर्वी छोर से एक युवक को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से 62 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की है। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। चोरगलिया पुलिस नंधौर क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान हसनपुर खत्ता जाने वाले कच्चे मार्ग पर एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में खड़ा दिखा। पुलिस ने उसे धर दबोचा औश्र उसके पासय मिले कट्टे की तलाशी ली तो उसमें 62 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम प्रिंस सिंह पुत्र मनजीत सिंह, निवासी फरसरामपुर, थाना चोरगलिया बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# आज मैदान में छाएगा घना कोहरा, पहाड़ों में बर्फबारी के आसार

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में आज शुक्रवार से मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 16 जनवरी को मैदानी जिले हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

जबकि पर्वतीय जिले उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। खासकर 3400 मीटर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के आसार हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो 21 जनवरी तक प्रदेशभर में मौसम का मिजाज कुछ इस तरह ही रहने की संभावना है।



## कोहरा और शीतलहर का डबल अटैक

सुबह के समय घना कोहरा इस कदर छाया रहा कि 10 मीटर की दूरी पर भी कुछ साफ नजर नहीं आ रहा था। सड़कों पर वाहन रेंगते हुए चलते दिखाई दिए। दिल्लीङ्कदेहरादून हाईवे पर वाहन चालकों को लाइट जलाकर बेहद धीमी रफ्तार में सफर करना पड़ा। बीते कई दिनों से सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने से ठंड से कोई राहत नहीं मिल पा रही है। शीतलहर का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एम. शमीम ने बताया कि अगले दो दिन तक कोहरा और सर्दी ऐसे ही बनी रहेगी। पश्चिमी विक्षोभ के चलते हल्की बारिश की संभावना है, लेकिन फिलहाल ठंड से राहत के आसार नहीं हैं। भीषण कोहरा और कड़ाके की ठंड में बच्चों का स्कूल जाना खतरे से खाली नहीं माना जा रहा है। अभिभावकों में किसी बड़े हादसे की आशंका को लेकर चिंता बनी हुई है। अभिभावक बच्चों को लेकर सर्दी और कम दृश्यता के बीच परेशान दिखाई दिए।

एआईएमआईएम का भी खुला खाता

# बीएमसी के रुझानों में बीजेपी+ को बहुमत, 121 सीटों पर बढ़त

नई दिल्ली
एजेंसी

बीएमसी समेत महाराष्ट्र के 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव 15 जनवरी को संपन्न हुए और नतीजे आज यानी 16 जनवरी को घोषित किए जा रहे हैं, जिसके लिए रुझान सामने आने लगे हैं। शुरुआती रुझानों में भाजपा बीएमसी समेत कई नगरपालिकाओं में आगे चल रही है।

मुंबई में जारी मतगणना के बीच पूर्व विधायक यामिनी जाधव ने बीएमसी के वॉर्ड नंबर 209 से जीत हासिल की है। वह एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की उम्मीदवार थीं और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को हराया। इस जीत से मुंबई नगर निगम में शिंदे गुट की शिवसेना की स्थिति मजबूत हुई है, खासकर दक्षिण मुंबई के अहम इलाकों में। मतगणना जारी है और हर वॉर्ड के नतीजे धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं। इसके साथ ही बीएमसी पर नियंत्रण की लड़ाई और तेज हो गई है। छत्रपति संभाजीनगर की 115 सीटें पर हुए मतदान के बाद आज सामने आए रुझानों में भाजपा+ 41 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। शिवसेना (यूबीटी)+ 10, कांग्रेस+ 3, एनसीपी+ 2 और अन्य 14 सीटों पर आगे चल रहे हैं। हालांकि नासिक में मुकाबला कुछ हद तक बराबरी का दिख रहा है। भाजपा+ 12, शिवसेना (यूबीटी)+ 9, एनसीपी+ 11 और अन्य 4 सीटों पर आगे हैं। अब तक के रुझानों में नागपुर में भी भाजपा का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। यहां भाजपा गठबंधन 106 सीटों पर आगे चल रही है। कांग्रेस+ 29 सीटों, शिवसेना (यूबीटी)+ 1, एनसीपी+ 2 और अन्य 5 सीटों पर आगे हैं। ठाणे में भाजपा गठबंधन 29 सीटों पर आगे है। शिवसेना (यूबीटी)+ 5, एनसीपी+ 4 और अन्य 6 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। पुणे में भाजपा गठबंधन 92 सीटों पर आगे है। कांग्रेस+ 4 और एनसीपी+ 8 सीटों पर आगे हैं, जबकि शिवसेना (यूबीटी)+ का अब तक खाता नहीं खुला है। महाराष्ट्र की प्रमुख महानगरपालिकाओं में चुनावी रुझान सामने आ चुके हैं। इन शुरुआती आंकड़ों में भाजपा और उसके सहयोगी दल (भाजपा+) कई शहरों में साफ बढ़त बनाए हुए हैं मुंबई महानगरपालिका में भाजपा+ 121 सीटों पर आगे चल रही है। शिवसेना (यूबीटी)+ 67 सीटों पर, कांग्रेस+ 10, एनसीपी+ 2 और अन्य 24 सीटों पर आगे हैं। महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में ढुस्कुरू ने मुंबई की बीएमसी में पहली बार सीट जीत ली है। पार्टी की उम्मीदवार मेहजबीन खान ने वॉर्ड नंबर 134 से जीत दर्ज की। यह ढुस्कुरू के लिए बीएमसी चुनाव में पहली जीत मानी जा रही है।



# सरकार काशीपुर के किसान आत्महत्या मामले में क्या स्थिति है कोर्ट को बताएं: हाईकोर्ट

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने काशीपुर के किसान द्वारा आत्महत्या करने पर नामजद लोगों की गिरफतारी पर रोक व दर्ज मुकदमे को निरस्त करने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद बीरवार को न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ ने फि लहाल उन्हें कोई राहत न देते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि मामले की कया स्थिति है? शुक्रवार (आज) तक कोर्ट को बताएं। कोर्ट ने मामले को सुनवाई शुक्रवार (आज) भी जारी रखी है।

मामले के अनुसार बीते शनिवार यानी 17 जनवरी को देर रात हल्द्वानी के काठगोदाम क्षेत्र स्थित एक होटल में काशीपुर निवासी सुखवंत सिंह ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले सुखवंत सिंह ने फेसबुक पर लाइव आकर कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए थे, यही नहीं सुखवंत ने ऊधम सिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा समेत तमाम पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। उनके द्वारा कहा गया था कि उनके साथ जमीन के मामले मे धोखाधड़ी हुई है और उनसे करीब 4 करोड़ ठग लिए गए हैं, जब इसकी शिकायत बार -बार पुलिस से की गयी तो पुलिस ने उनकी शिकायत पर अमल नहीं किया गया उल्टा उनको डरा धमकाया गया। उनकी आत्महत्या करने के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 26 लोगों पर आईटीआई थाने में नामजद मुकदमा दर्ज किया। यह कार्रवाई मृतक के भाई की तहरीर पर की गयी है। पुलिस ने अमरजीत सिंह, दिव्या, रबिन्द्र कौर, लवप्रीत कौर, कुलविन्दर सिंह उर्फ जस्सी समेत हरदीप कौर, आशीष चौहान, गिरवर सिंह, महिपाल सिंह, शिवेन्द्र सिंह, विमल तथा विमल की पत्नी, देवेन्द्र, राजेन्द्र, गुरप्रेम सिंह, जगपाल सिंह, जगवीर राय, मनप्रीत कलसी, अमित, मोहित, सुखवंत सिंह पन्नू, वीरपाल सिंह पन्नू, बलवन्त सिंह बसौरा, बिजेन्द्र, पूजा और जहीर के खिलाफ मामला दर्ज किया। बीरवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता कि तरफ से कहा गया कि उनका इस केस से कोई लेना देना नहीं है, उन्हें इस केस मे गलत फंसाया गया है। यह केस दो पक्षों के बीच आपसी जमीन से जुडा मामला है। किसान ने आत्महत्या की है इसलिए उनकी गिरफतारी पर रोक लगाइ जाय और दर्ज मामले को निरस्त किया जाए, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए सरकार से शुक्रवार (आज) तक स्थिति से अवगत कराने को कहा है।



# राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

कड़ाके की ठंड के मद्देनज़र राज्य सरकार द्वारा ज़रूरतमंदों के लिए चलाए जा रहे राहत कार्यों के तहत गुरुवार रात उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विनय रुहेला ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाला जी मंदिर, आदर्श कॉलोनी, रेन बसेरा, बाटा चौक एवं भगत सिंह चौक सहित कई स्थानों पर जरूरतमंद, निराश्रित एवं सड़क किनारे जीवनयापन कर रहे लोगों को ठंड से बचाव हेतु कंबलों का वितरण किया तथा अलाव की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान रुहेला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीतलहर के दृष्टिगत सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, चौराहों एवं रेन बसेरों में अलाव और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं नियमित रूप से संचालित की जाएं, ताकि किसी भी व्यक्ति को ठंड के कारण परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जरूरतमंदों तक समय रहते सहायता पहुंचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के हर जरूरतमंद नागरिक की चिंता कर रही है। सीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कड़ाके की ठंड के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि न हो और इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ मैदान में उतरकर राहत कार्यों को अंजाम दे रहा है और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# नैनीताल में भारत शुद्धिकरण यात्रा को पुलिस ने रोका

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिहाद मुक्त भारत के संकल्प के साथ निकाली जा रही भारत शुद्धिकरण यात्रा बीरवार को नैनीताल पहुंची, जहां पुलिस प्रशासन ने यात्रा को मुखय बाजार क्षेत्रों में प्रवेश से रोक दिया।

बता दें यात्रा को केवल मां नयना देवी मंदिर क्षेत्र तक ही सीमित रखा गया जिससे संत समाज और यात्रा में शामिल लोगों में नाराजगी देखने को मिली। यह यात्रा देवभूमि उत्तराखंड के विश्वविखयात जागेश्वर धाम से प्रारंभ की गई है, यात्रा में जागेश्वर के पुजारी महामंडलेश्वर लाल बाबा भंडारी बाबा सहित कई संत मौजूद थे। यात्रा के माध्यम से विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर जनजागरूकता फैलाने का दावा किया जा रहा था। यात्रा से जुड़े सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि इस पदयात्रा का उद्देश्य समाज को लव जिहाद सहित अन्य विषयों को लेकर जागरूक करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में इस तरह की गतिविधियां बढ़ रही हैं जिन्हें लेकर संत समाज को सड़कों पर उतरकर जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पड़ी। उनका कहना था कि यह यात्रा किसी वर्ग विशेष के खिलाफ नहीं बल्कि समाज को सतर्क करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि जागेश्वर धाम से शुरू हुई यह 9 दिवसीय पदयात्रा विभिन्न जिलों से होते हुए आगे बढ़ रही हैं। उनके अनुसार अब तक यात्रा के दौरान प्रशासन का सहयोग मिलता रहा है लेकिन नैनीताल पहुंचने पर यात्रा को रोक दिया गया और मुखय बाजारों में जाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि यात्रा का साउंड सिस्टम भी बंद कराया गया और मार्ग को सीमित कर दिया गया।

संत समाज का कहना है कि इससे पहले अल्मोड़ा समेत भवाली सहित अन्य क्षेत्रों में यात्रा को लेकर किसी तरह की बाधा नहीं आई लेकिन नैनीताल में अचानक रोक लगाए जाने से वे असमंजस में हैं। उन्होंने इसे अभिव्यक्ति और शांतिपूर्ण पदयात्रा के अधिकार से जोड़ते हुए प्रशासन से सहयोग की मांग की है।



**नाराजगी**

- बाजार क्षेत्र में नहीं मिल पाया प्रवेश

# योजनाओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें अधिकारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नैनीताल जिले के विकास भवन भीमताल के सभागार में बीरवार को जिला सैक्टर, राज्य सैक्टर समेत केन्द्र पोषित व बाह्य सहायतित एवं बीस सूत्री कार्यक्रम की मासिक प्रगति की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सभी विभागों से आए अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराते हुए शत प्रतिशत धनराशि व्यय करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी रयाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जनपद के आवंटित बजट को वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व व्यय कर लिया जाए ताकि विकास कार्य रूके नही और लक्ष्य समय पर पूर्ण होए जो योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा सभी विभाग भौतिक प्रगति एवं वित्तीय प्रगति के साथ पारदर्शिता से कार्य कर समय से भुगतान करना सुनिश्चित करें। बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार विगत माहों में विभागों द्वारा बेहतर कार्य करते हुए अच्छी प्रगति प्राप्त की है आगे मार्च तक भी सभी विभाग ए श्रेणी बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रमों के लिए जनपद के जिन विभागों को योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जो लक्ष्य निर्धारित किये गये है उन लक्ष्यों को इसी मांह पूर्ण करते हुए ए श्रेणी प्राप्त करें।

जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिये कि प्रत्येक विकास खण्ड के ऐसे 5-5 गांवों का चिन्हिकरण करें जो गांव वन आच्छादित क्षेत्रों के निकट हैं और उन गांवों में बहुतायत मात्रा में खेती होती है लेकिन जंगली जानवरों के द्वारा खेती को नुकसान किया जाता है इसके लिए सोलर फैंसिंग, तार बाढ़ का प्रस्ताव बनाते हुए कार्ययोजना तैयार की जाय ताकि किसानों की समस्या का समाधान हो और उनकी आय में भी बढ़ोतरी हो सके। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि पर्वतीय क्षेत्रों में राशन की उपलबधता समयसीमा के अन्तर्गत नियमित की जाए तथा खाद्यान्न का नियमित उठान हो यह सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी रयाल ने हल्द्वानी एवं नैनीताल नगर अंतर्गत बार-बार पेज लाइन लीकेज की शिकायत पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जल संस्थान के अधिकारियों को पेयजल लाइन लीकेज ठीक करने हेतु ऐसी सभी पेयजल लाइनों की मरम्मत का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी सड़क निर्माण एजेंसियों से आए अधिकारियों को सड़कों की लगातार निगरानी रखते हुए सुचारू आवागमन के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान विधायक निधि अंतर्गत कम धनराशि व्यय पर जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि विधायकों को अनुरोध पत्र जारी करते हुए प्रस्ताव प्राप्त कर शीघ्र ही धनराशि जारी करें। बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि, उद्यान, भेषण, समेत समस्त खंड विकास अधिकारियों को आपसी समन्वय करते हुए शीतकाल में लगाए जाने वाले पौधों को तुरंत ही किसानों को मुहैया कराते हुए पौधारोपण कराए जाने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने सूची प्रकाशन के संबंध में भी विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मुखय विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरि गोस्वामी, जिलाअर्थसंखयाधिकारी डा0. मुकेश सिंह नेगी सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## टीकाकरण लक्ष्य धीमा होने पर सीएमओ को कड़े निर्देश

बैठक में जिलाधिकारी रयाल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण लक्ष्य के सापेक्ष धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये मुखय चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि तत्काल सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अपक केन्द्र वार टीकाकरण का रोस्टर तैयार कर टीकाकरण कार्य कर शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करें।

## पशु आहार मुहैया कराना सुनिश्चित करें:डीएम

जिलाधिकारी रयाल ने मुखय पशुचिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में वन्यजीव आदमखोरों की सक्रिया को देखते हुये पर्वतीय क्षेत्रों के पशुपालक (पुरूष/महिला) जंगल में चारा हेतु ना जांए पशुपालकों को समय से चारा मुहैया हो इस हेतु आपदा निधि से जो धनराशि मुहैया कराई गई है उससे इन प्रभावित क्षेत्र के पशुपालकों को तुरंत ही पशु आहार मुहैया कराना सुनिश्चित करें।



# श्री राम सेवक सभा ने किया विशेष खिचड़ी भोग का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल की प्राचीनतम धार्मिक ,संस्कृति एवं सामाजिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा बीरवार को मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोग का विशेष आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया ।

श्री राम सेवक सभा के खिचड़ी भोज में विधायक सरिता आर्य, नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल समेत पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल सहित सभा के पदाधिकारियों ने खिचड़ी जनमानस को भेंट की । खिचड़ी के साथ हरी चटनी तथा सलाद भी प्रस्तुत किया गया । कार्य क्रम में खिचड़ी प्रसाद तथा काले कौवा एवं गुटीय तथा गोपाल बाबू के गीत ने रौनक बढ़ाई। खिचड़ी भोज में सभा परिवार के संरक्षक घनश्याम लाल साह ,अध्यक्ष मनोज साह , महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत राजेंद्र बिष्ट, बिमल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी, भगवान,आशु बोरा, गोविंद सिंह, आनंद बिष्ट, डोल्मा समेत मोहित लाल साह, हरीश सिंह राणा,आशीष बजाज, भगवत रावत, दिनेश भट्ट तथा एडवोकेट प्रकाश पांडे व पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका संजय कुमार तथा प्रो. ललित तिवारी शामिल रहे। लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर सूर्य भगवान की आराधना की । श्री राम सेवक सभा द्वारा 23 जनवरी (शुक्रवार) को बसंत पंचमी के अवसर पर भव्य तरीके से सभा भवन में सामूहिक उपनयन संस्कार आयोजित किया जाएगा तथा शाम को होली गायन होगा ।

# निर्माणाधीन आरसीसी में लोग वाहन चलाकर खराब कर रहे सड़क

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**अपील**

● लोनिवि ने वाहन चालकों से की सहयोग की अपील

लोनोवि की ओर से तल्लीताल स्थित रैमजे अस्पताल से भोटिया बैंड तक आरसीसी कार्य करने के कारण मार्ग बंद किया गया है लेकिन अपील के बाद भी निर्माणाधीन सीसी में लोग वाहन दौड़ाकर सड़क को खराब कर रहे हैं।

बता दें कि नैनीताल में रैमजे अस्पताल से भोटिया बैंड तक सीसी कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण यह मार्ग अस्थायी रूप से बंद है। कार्य बंद होने के बाद मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए खोला जाएगा, लेकिन रात में कई स्थानीय लोग निर्माणाधीन सीसी मार्ग में वाहनों को दौड़ाकर सीसी को खराब कर रहे हैं, जिससे विभाग को दोबारा काम करना पड़ रहा है। मामले में लोनिवि के सहायक अभियंता तुला राम टमटा ने बताया कि कुछ लोग मार्ग बंद होने के बावजूद कंक्रीट की नई सतह पर बाइक व कार वाहन चला रहे हैं जिससे कंक्रीट में गहरी लीक बन रही हैं और सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

उन्होंने अपील की है कि कंक्रीट सड़क को पूरी तरह मजबूत होने में कम से कम 14 दिन का समय आवश्यक होता है। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति वाहन न चलाये।



# बीमार युवक की मदद को उसके घर पहुंचे महापौर विकास शर्मा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

महापौर विकास शर्मा ने एक बार फिर साबित किया है कि उनके सख्त फैसलों के पीछे एक बेहद संवेदनशील और कोमल हृदय भी धड़कता है। शहर के रम्पुरा क्षेत्र में एक गरीब परिवार की लाचारी और 28 वर्षीय युवक की मौत से जंग की खबर मिलते ही महापौर मदद के लिए खुद उसके द्वार जा पहुँचे।

महापौर नगर निगम कार्यालय में फाइलों और रूटीन बैठकों में व्यस्त थे। इसी बीच पार्टी कार्यकर्ता ममता सैनी और सरोज रानी ने उन्हें एक सूचना दी। रम्पुरा निवासी दीपक की थी। 28 साल की उम्र में पीलिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा है।परिवार इतना लाचार है कि उचित उपचार तो दूर, उसे अस्पताल ले जाने तक की स्थिति में नहीं है। सूचना पर महापौर बिना देरी किए दीपक के घर पहुँचे। उसकी हालत देख महापौर विचलित हो गए।



पीलिया से बेदम दीपक बिस्तर पर पड़ा जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा था और उसके पास केवल आंसू थे। महापौर ने न केवल दीपक का हाल जाना, और उसे ढांढस भी बंधाया। उन्होंने मौके से ही चिकित्सा अधिकारियों को फोन लगाया और स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया। महापौर ने तत्काल एम्बुलेंस मंगवाई और खुद खड़े होकर युवक को जिला अस्पताल भिजवाया। उन्होंने डॉक्टरों से कहा उपचार में कोई कोताही न बरती जाए और युवक की जान बचाना ही पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। बीमारी के संक्रमण को देखते हुए महापौर ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल नगर निगम की टीम को मौके पर बुलाया।

## जिला अस्पताल में पहुंचे बालरोग विशेषज्ञ

**नैनीताल** । नगर के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में बीरवार को बालरोग विशेषज्ञ के पहुंचने से लोगों को राहत मिली । बाल रोग विशेषज्ञ के पहुंचने के बाद बीमार बच्चों को उपचार दिया गया। बता दें कि नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में तीन बाल रोग विशेषज्ञों के स्वीकृत पदों में वर्तमान में एक ही डाकटर तैनात हैं जो इन दिनों छुट्टी पर हैं, जिसके चलते अस्पताल प्रबंधन की ओर से अन्य अस्पतालों से डाकटरों को बुलाकर व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। बुधवार को बाल रोग विशेषज्ञ के अस्पताल न पहुंचने पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। जिसको देखते हुए, जिला अस्पताल प्रबंधन की ओर से बीरवार को हल्द्वानी से बाल रोग विशेषज्ञ को बुलाया। जिसके चलते मरीजों को राहत मिली। अस्पताल आये बीमार बच्चों को उपचार मिला। मामले में जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ टीके टमटा ने बताया कि किसी कारणवश डाकटर बुधवार को अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे लेकिन बीरवार को बाल रोग विशेषज्ञ ने अस्पताल में बीमार बच्चों का उपचार किया ।

## NEWS / फटाफट

### मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता पहुंचे हाईकोर्ट



**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता के बीरवार को पहली बार हाईकोर्ट पहुंचने पर पुलिस की टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया । मुखय न्यायधीश बीरवार की दोपहर में हाईकोर्ट पहुंचे, जिसके बाद हाईकोर्ट बार एसोसियशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत व महासचिव सौरभ अधिकारी ने मुखय न्यायधीश से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल सहित अन्य न्यायिक अधिकारी भी मौजूद थे । मुखय न्यायधीश भोजनावकाश के बाद कोर्ट में भी बैठे ।

### शराब पीकर पति ने जमकर काटा हंगामा

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में पति ने शराब के नशे में घर पर जमकर हंगामा किया तो पत्नी शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गई। रात में पुलिस हिरासत में काटने के बाद सुबह चालानी कार्रवाई कर पति को छोड़ा गया। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात पुलिस को 112 पर एक महिला की शिकायत मिली कि उसका पति शराब के नशे में घर पर हंगामा कर रहा है। समझाने पर पति मारपीट करने पर उतारु हो गया है। सूचना मिलने के बाद एसआई दीपक कार्की महिला के घर पहुंचे तो पति पुलिसकर्मियों से भी अभद्रता करने लगा। जिसे पकड़ पुलिस कोतवाली ले आई। पूरी रात उसने नशे में कोतवाली में जमकर हंगामा काटा। सुबह नशा उतरने के बाद वह छोड़ देने की गुहार लगाने लगा। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि रुकुट कंपाउंड निवासी प्रवेश कुमार के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

### दुर्घटनाग्रस्त कार से टायर हुए चोरी



**नैनीताल** । नैनीताल-हल्द्वानी रोड पर हनुमानगढ़ी के समीप दुर्घटना ग्रस्त कार की टायर चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में वाहन स्वामी ने थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल एटीआई निवासी प्रो. ओम प्रकाश ने तल्लीताल थाने में शिकायत करते हुए कहा है कि वह बीती शाम अपनी कार में हल्द्वानी से नैनीताल की ओर आ रहे थे। हनुमानगढ़ी के समीप उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी जिसके चलते वह अपनी कार सड़क किनारे पार्क कर घर आ गए, जब बीरवार को वह कार को देखने गए तो उनकी कार के तीन टायर चोरी हो गए थे। उन्होंने थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी श्याम सिंह बोरा ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

### स्कूल से चोरों ने ताला तोड़कर किचन से बर्तन किए चोरी

**हल्द्वानी**। नगर में चोरों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब चोरों ने शिक्षा केमंदिर जेल रोड चौराहे स्थित एक प्राइमरी स्कूल में घुस कर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर स्कूल के किचन से बर्तन चोरी कर लिए चोरी की इस घटना के बाद स्कूल में मिड डे मील व्यवस्था प्रभावित हो गई है, जिससे बच्चों को भोजन नहीं मिल पाएगा। स्कूल प्रशासन ने बताया कि किचन में रखे जरूरी बर्तनों के चोरी हो जाने से भोजन तैयार करना फिलहाल संभव नहीं है यह घटना हल्द्वानी कोतवाली अंतर्गत हीरानगर चौकी क्षेत्र की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## राजनीतिक अन्याय

*सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्णय दिया कि ऐसे व्यक्ति, जो पहले से ही आरक्षण का लाभ उठा चुके हैं और दूसरों से स्पर्धा की स्थिति में हैं, उन्हें आरक्षण से बाहर किया जाना चाहिए। दरअसल भेदभाव के कारण एक वर्ग समाज की मुख्य धारा से दूर था। सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से विकास के लिए जाति के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था संविधान में की गई। संविधान निर्माताओं ने सिर्फ दस साल के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था, लेकिन आरक्षित जातियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया।*

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि कार्यपालिका और विधायिका यह तय करें कि जिन लोगों को आरक्षण का लाभ मिल चुका है और दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में हैं, उन्हें आरक्षण के दायरे से बाहर रखा जाए या नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्णय दिया कि आरक्षण का लाभ उठा चुके लोगों को आरक्षण से बाहर किया जाना चाहिए। दरअसल भेदभाव के कारण एक वर्ग समाज की मुख्य धारा से दूर था। सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से विकास के लिए जाति के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था संविधान में की गई। संविधान निर्माताओं ने सिर्फ दस साल के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था, लेकिन आरक्षित जातियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। सात दशक से जारी आरक्षण का लाभ कुछ परिवार के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी उठाते आ रहे हैं। ऐसे लोग क्रीमीलेयर की श्रेणी में आते हैं। विधायिका और कार्यपालिका राजनीतिक अन्याय पर उतारु हैं। जाति के आधार पर आरक्षण से सवर्ण के साथ अन्याय हो रहा है, वहीं आरक्षित जातियों के एक बड़े तबके को एक बार भी आरक्षण का लाभ नहीं मिला और उनकी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। क्रीमीलेयर अपनी ही जाति के जरूरतमंद लोगों को हक नहीं मिलने दे रही है। आरक्षण की नीति से समाज में दुर्भावना उत्पन्न हो रही है। सवर्ण जाति के योग्य छात्रों को उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश नहीं मिलता है। आरक्षित जाति के अधिकारियों की संतान को कम अंक होने पर भी शिक्षा संस्थानों में प्रवेश और उसके बाद सरकारी सेवा में आरक्षण के कोटे का लाभ मिलता है, जबकि वह आर्थिक रूप से संपन्न और अधिकारी की संतान होने से समाज की मुख्य धारा में अग्रणी पंक्ति में होते हैं। सवर्ण जातियों के आर्थिक तौर पर कमजोर छात्र-छात्राएं प्रतिभावान होने पर भी संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। किसी तरह उच्च अंकों से उत्तीर्ण होकर भी सवर्ण होने के कारण उच्च शिक्षा तथा सरकारी सेवा का अवसर नहीं मिलता है। जाति के आधार पर आरक्षण प्रतिभाशाली युवाओं के साथ राजनीतिक अन्याय है। वोट के लालच में विधायिका इसे खत्म नहीं करेगी। शीर्ष न्यायालय को आर्थिक आधार पर आरक्षण का फैसला देना और सरकार को स्वीकार करना ही जातिगत भेदभाव का समाधान है।

# 18 सूत्रीय मांगों को लेकर पहले चरण का आंदोलन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद नैनीताल तत्वावधान के तत्वावधान में कुमाऊं विश्वविद्यालय भीमताल में गेट मीटिंग कर सरकार से कर्मचारियों की 18 सूत्रीय मांगों को यथा शीघ्र मंजूर के जाने का आह्वान किया गया।

गेट मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों की पुरानी एसीपी, गोल्डन कार्ड की विसंगति तथा वेतन विसंगति से जुड़े प्रकरणों पर राज्य सरकार द्वारा अभी तक कोई भी ठोस निर्णय नहीं ले जाने से प्रदेश भर के कर्मचारियों मे व्यापक आक्रोश फैल गया है जिस कारण प्रांतीय नेतृत्व द्वारा बीरवार से प्रथम चरण के तहत प्रदेश भर में कर्मचारी आंदोलन के लिए लामबंद हो रहे हैं। जिसके तहत जनपद नैनीताल के विभिन्न संगठनों के कर्मचारीआंदोलन में व्यापक भागीदारी निभाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं।




सभा में परिषद के वरिष्ठ सदस्य भूपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि शासन स्तर पर लंबित कर्मचारियों की जायज मांगों को एक सुनियोजित तरीके से निस्तारण के बजाय लटकाया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में लगातार रोष बढ़ रहा है। सभा का संचालन कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर भीमताल के अध्यक्ष पीसी ध्यानी द्वारा किया गया। सभा में परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली समेत राजेंद्र प्रसाद टमटा, हीरा सिंह रौतेला, डा कनिका साह,कमला रैखोला, शशि, रमेश चन्द्र भट्ट, भूपेंद्र लाल, दलीप सिंह, पीसी ध्यानी, मुकेश कुमार तथा अमरनाथ गोस्वामी, बिशन सिंह समेत शमशेर सिंह सहित कई कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंप पर विकलांग कर्मचारी को बेरहमी से पीटा

**नैनीताल।** नैनीताल रोड स्थित गुरु नानक पेट्रोल पंप पर सरेआम गुंडागर्दी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नशे में धुत एक युवक ने पेट्रोल पंप में हवा भरने वाले विकलांग कर्मचारी को दौड़ा-दौड़ा कर बेरहमी से पीट दिया। मारपीट की यह पूरी घटना पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी युवक किसी बात को लेकर पहले कर्मचारी से उलझा और फिर अचानक उस पर हमला कर दिया। आरोपी ने कर्मचारी की गर्दन पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर पीडि़त को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया।

घायल कर्मचारी को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद पेट्रोल पंप कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। वहीं, पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# महाराजपुर में नारायणपुर किसान सेवा सरकारी समिति की ओर से कंबल वितरण समारोह आयोजित

**किच्छा**

हमारे संवाददाता

ग्राम महाराजपुर में नारायणपुर किसान सेवा सरकारी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ठुकराल की ओर से कंबल वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें पूर्व विधायक राजेश शुक्ला पहुंचे।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार प्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के संकल्प के साथ निरंतर जनहित के कार्य कर रही है। माताओं-बहनों के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के साथ-साथ युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि सरकार स्वयं जनता के द्वार तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इसी सोच के तहत पूरे प्रदेश में 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी एमपीसमाधान सुनिश्चित कर रहा है।राज्य सरकार गरीब, किसान, श्रमिक, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। सरकार की मंशा है कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा से जुड़े और उसे योजनाओं का पूरा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम समाज में आपसी सहयोग, सेवा और संवेदना की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कंबल वितरण कर जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान की और नरेंद्र ठुकराल के इस प्रयास की सराहना की इससे पूर्व ग्राम महाराजपुर पहुंचने पर ग्राम प्रधान नेहा पुजारा एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य रीता ठुकराल ने पूर्व विधायक शुक्ला का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुलखराज ठुकराल, अविनाश ठुकराल, राजेश चराया, सतीश ठुकराल, शुभम पुजारा, देवेंद्र कुमार, शिव ठुकराल, परविंदर सिंह, विक्की कालरा समेत समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।



**आयोजन**

● सरकार प्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के संकल्प के साथ निरंतर जनहित के कार्य कर रही है

# फिल्मी दुनिया

## बिग बॉस 19 विनर गौरव खन्ना ने पत्नी के बर्थडे से पहले रखी पार्टी





*बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला का 18 जनवरी को जन्मदिन है। इससे पहले गौरव ने भव्य पार्टी रखी, जहां बिग बॉस 19 के कई प्रतिभागी पहुंचे। रियलिटी शो बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना ने पत्नी और अभिनेत्री आकांक्षा चमोला के जन्मदिन से पहले शानदार पार्टी रखी। बीती रात आयोजित प्री-बर्थडे बैश में बिग बॉस 19 के कई प्रतिभागी भी पहुंचे। सभी ने जमकर मस्ती की। गौरव खन्ना ने पत्नी आकांक्षा चमोला के बर्थडे से पहले भव्य अंदाज में पार्टी रखी। इस दौरान दोनों मैचिंग कलर के आउटफिट में नजर आए। केक कटिंग के बाद गौरव खन्ना ने स्पेशल डांस परफॉर्मेंस दी। इस दौरान आकांक्षा ने पैपराजी को भी केक बांटा। तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। आकांक्षा चमोला के प्री-बर्थडे बैश में आवेज दरबार भी पहुंचे। वे अपनी मां के साथ आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपनी मां के साथ पैपराजी को पोज दिए। बिग बॉस 19 के कई अन्य प्रतिभागी भी इस सेलिब्रेशन में नजर आए। अभिषेक बजाज और प्रणित मोरे भी शिरकत करते दिखे। बिग बॉस सीजन 19 की प्रतिभागी अशनूर कौर भी बर्थडे पार्टी में पहुंचीं। ब्लैक कलर की स्टाइलिश ड्रेस में अशनूर काफी बोल्ड अंदाज में नजर आईं। उन्होंने अभिषेक बजाज के साथ जमकर डांस किया।*



# रंगारंग कार्यक्रम के साथ उत्तरायणी महोत्सव का समापन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में आयोजित उत्तरायणी मेले (घुघुतिया त्यार) का गुरूवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। उत्तरायणी मेले के आखिरी दिन खेल प्रतियोगिताओं के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें लोक कलाकारों ने लोक संस्कृति के रंग बिखेरे। समापन अवसर पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानत किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की क ?ी में बबीता देवी और रोशन बनोला ने कुमाऊंनी लोक गीत प्रस्तुत किए। बबीता देवी ने क्ये भालो लगे सो मेरे पहा ?ा बनी बनी का, सनाया का बार त्यौहार, खास से कटे लूं सुबह में खोली खोली मां गीत गाकर खुब वाहवाही लूटी। वही वहीं रोशन बनोला ने अल्मो ?ा की नंदा मां, ऐजा मेरा दानपुरा, संती छोरी, काछू तेरो जलेबी को डाब के अलावा न्योली, छपेली, झो ?ा, चांच ?ी सुनाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। शोभायात्रा में बेहतरीन झांकियों को भी पुरस्कृत किया गया। अगले वर्ष उत्तरायणी महोत्सव को और अधिक भव्य और दिव्य बनाने के संकल्प के साथ मेले का विधिवत समापन हो गया। इस दौरान मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष ख ?के सिंह बग ?वाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनोली, कैलाश जोशी, हेम भट्ट, शोभा बिष्ट, चंद्रशेखर परगाई, भुवन जोशी, नीरज बग ?वाल, ललित बिष्ट, धर्म सिंह बिष्ट, ब्रजमोहन बिष्ट, संदीप भैंसो ?ा, कमल किशोर, रितिक आर्य, पार्षद मनोज जोशी, पार्षद शैलेंद्र दानू, पंकज सुयाल, पुष्पा सम्भल, हेमंत बगडवाल, पृथ्वीपाल रावत, नीमा भट्ट, तरुण नेगी, कल्पना रावत, लता बोरा, देवेन्द्र धमंशक्तु,मनोज मेलकानी सहित ब ?ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# कानून व्यवस्था बिगड़ी तो संबंधित थानाध्यक्ष को देना होगा जवाब

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल मुख्यालय में आईजी और एसएसपी कार्यालय होने के बाद भी पुलिसिंग पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। पुलिस कार्यालयों के समीप ही नशेडियों के अड्डे तथा सड़कों पर अवैध पार्किंग तथा अराजकता व पुलिस के सामने ही यातायात नियमों का उलंघन होने और शिकायतों के बाद भी पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगा है, जिस पर आईजी ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगड़ी तो संबंधित थानाध्यक्ष को जवाब देना होगा।



*मामले में आईजी (कुमाऊँ) रिद्धिम अग्रवाल ने कहा कि लोगों की सुरक्षा की जिममेदारी पुलिस की है। सभी जिलों के एसएसपी को पूर्व में ही गश्त के लिए निर्देशित किया गया है। अगर किसी थाने से ड्यूटी को लेकर कोई कोताही बरती जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी। शहर में गश्त और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए पुलिस कप्तान को दोबारा निर्देशित किया जा रहा है।*

बता दें कि नैनीताल शहर में आईजी, एसएसपी, एसपी तथा सीओ कार्यालय व एक कोतवाली तथा एक थाना समेत दो पुलिस सहायता केंद्र होने के बाद भी पुलिस की व्यवस्थाएं सवालों के घेरे में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नैनीताल जिला मुखयालय होने के बाद भी नैनीताल में सड़कों अवैध पार्किंग बन चुकी हैं। बिना सत्यापन बाहरी लोग यहां घूमकर सामान बेच रहे हैं, वहीं रात्रि गश्त न होने के चलते क्षेत्र में चोरी तथा अराजकता बढ़ रही हैं, वहीं चौकियों के सामने ही अवैध गाइड बेखौफ घूम रहे हैं जो पर्यटकों से बदतमीजी कर रहे हैं। वहीं शहर में नियमों को ताक में रखकर टैकसी बाइकों का संचालन हो रहा है, साथ ही यातायात नियमों का उलंघन हो रहा है। यही नहीं तल्लीताल और मल्लीताल दुकानों में शराब परोसी जा रही है। हर चीज की जानकारी होने के बाद भी पुलिस पर अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है। लोगों का यह भी आरोप है कि पुलिस की अनदेखी के चलते पूर्व में अराजक तत्वों ने आयारपाटा में दुकान व निर्माधाधीन भवन में आग लगाने की घटना और ठंडी सड? पर ग्लास हाउस को तोडने की घटना को अंजाम दिया था।



*नगर के अयारपाटा वार्ड के युवा सभासद मनोज साह जगाती के मुताबिक नैनीताल के चार्टन लॉज, चूनाधारा, डीएसबी परिसर रोड, ठंडी सड? समेत अरविंद आश्रम क्षेत्र समेत कई क्षेत्र नशेडियों के अड्डे बने हुए हैं। यही नशेड़ी चोरी और मारपीट में शामिल होते हैं, जिसको लेकर कई बार पुलिस से शिकायत कर गश्त और कार्रवाई की मांग की गई है, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती।*



*नगर पालिका के सभासद पूरन सिंह बिष्ट के मुताबिक नैनीताल में देर रात नशेड़ियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। खासकर जू रोड में गौरी होटल के समीप खुंचे और छावनी की पार्किंग स्थल में शाम से ही नशेड़ी हंगामा करते हैं, जिससे महिलाएं भी आवाजाही में असुरक्षित महसूस करती हैं, लेकिन पुलिस की ओर से कभी गश्त नहीं की जाती। पुलिस को इस पर ध्यान देना चाहिए।*

## News कॉर्नर

### 208 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी। थाना मुखानी पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 208 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर चालान किया गया है। मुखानी थाना पुलिस और एसओजी की टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। जब टीम चंबलपुल के पास पहुंची तो पार्क के पास ख? दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को धर दबोचा। उनकी तलाशी लेने पर दोनों के पास से 208 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम धनपाल पुत्र राम सहाय निवासी जवाहर ज्योति, दमुवाढुंगा और रामचन्द्र पुत्र लीलाधर निवासी ग्राम भेटाखास थाना कटरा तिलहर जिला शाहजहाँपुर (उत्तर प्रदेश) बताया। दोनों के खिलाफ 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी ने खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी तस्कर ने कई नामों का खुलासा किया है, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मुथूट फाइनेंस के कार्यालय पर ग्राहकों का प्रदर्शन,धरना

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मुथूट फाइनेंस शाखा द्वारा जमा सोना वापस न करने और बिना किसी पूर्व सूचना के ऋण ब्याज दरों में बढ़ोतरी किए जाने के विरोध में ग्राहकों का गुस्सा फूट पड़ा। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में दर्जनों पीड़ितों ने मुथूट फाइनेंस के कार्यालय पर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर धरना दिया।

इस दौरान आक्रोशित लोगों ने बैंक स्टाफ को खरी-खोटी सुनाई और तानाशाही रवैया बंद करने की चेतावनी दी।शाखा से ऋण लेने वाले उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपनी गाढ़ी कमाई का सोना बैंक में गिरवी रखकर ऋण लिया था। ऋण की शर्तों के अनुसार निर्धारित एक प्रतिशत ब्याज भी नियमित रूप से जमा किया गया है, लेकिन जब ग्राहक अपना ऋण चुकता कर सोना वापस मांग रहे हैं, तो बैंक प्रबंधन टालमटोल कर रहा है। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें कभी सर्वर खराब होने तो कभी उच्चाधिकारी के मौजूद न होने का



बहाना बनाकर घंटों इंतजार कराया जाता है और अंत में खाली हाथ वापस भेज दिया जाता है। इसके अलावा बैंक ने ग्राहकों को जानकारी दिए बिना ही ब्याज दरों में भी वृद्धि कर दी है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

धरने को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि मुथूट फाइनेंस द्वारा व्यापारियों और आम जनता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि व्यापारियों का जमा सोना तत्काल वापस नहीं किया गया और बढ़ी हुई ब्याज दरों को वापस लेकर पूर्व की भांति एक प्रतिशत नहीं किया गया, तो शाखा के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में नवतेज सिंह, विकास बंसल, दीपक कुमार सोनू गगनेजा, मुकेश कुमार, राजेश रस्तोगी, संजीव गुप्ता, सुमित, कमलजीत सिंह, मनोज कुमार, सचिन सक्सेना आदि शामिल रहे। इधर मुथूट फाइनेंस शाखा के जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी चाही तो संपर्क नहीं हुआ।

# दोपहर में बक्सा लेकर फरार हुआ युवक निकला अल्मोड़ा निवासी, सामान बरामद

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

तल्ला गोरखपुर क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी की एक गंभीर घटना सामने आई है, जहां किरायेदार बनकर आए एक युवक ने महिला के घर से कीमती सामान से भरा लोहे का बक्सा चोरी कर लिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता दया नेगी निवासी तल्ला गोरखपुर, बद्रीपुरा, मकान संख्या 6/853, वार्ड नंबर 11 ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि गुरूवार की दोपहर करीब 12:30 बजे एक व्यक्ति उनके घर किराये के संबंध में पूछताछ करने आया था। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम दीपक बिष्ट निवासी दन्या, जिला अल्मोड़ा बताया। पीड़िता के अनुसार युवक ने कहा कि वह अपना सामान गाड़ी से लाने के लिए पीछे का गेट खुलवाना चाहता है। इस पर दया नेगी पीछे की साइड का गेट खोलने नीचे चली गईं। उस समय घर में उनके अलावा कोई अन्य मौजूद नहीं था। इसी दौरान आरोपी युवक ने घर के अंदर रखे एक कमरे से लोहे का बक्सा, जिसमें ताला लगा हुआ था, चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि उक्त बक्से में लगभग डेढ़ तोला सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक छोटी सोने की बाली, करीब 10 हजार रुपये



नकद, कई साड़ियां तथा मकान की रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर चोरी गए सामान की बरामदगी एवं दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू करते आरोपी चोर को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए एसएसपी डा.मंजू नाथ टी सी ने बताया कि पकड़े गए चोर ने वीरेंद्र सिंह बिष्ट पुत्र हरीश सिंह बिष्ट निवासी खड़ी सुनार सोमेश्वर जिला अल्मोड़ा बताया । एस एस पी ने पत्रकारों से वार्ता करते बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। सफलता पीने वाली टीम में कोतवाल विजय मेहता, एस आई कृपाल सिंह, रोहताश सागर, भूपेंद्र मेहता, कांस्टेबल इसरार नबी, मनोज कुमार,अनिल कुमार, दिनेश नगर कोटी , धीरेन्द्र, व प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# सनसनीखेज हत्याकांड की मुखय आरोपी महिला नीलम व उसका सहयोगी मनीष मिश्रा जमानत का दुरुपयोग कर हुए फरार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले में कुछ वर्ष पूर्व हुए सनसनीखेज हत्याकांड की मुखय आरोपी महिला नीलम और उसका सहयोगी मनीष मिश्रा जमानत का दुरुपयोग कर फ रार हो गए हैं। इस मामले में जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल को पत्र लिखकर पुलिस की ढुलमुल कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है।

पत्र में बताया गया है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बनाई गई पुलिस टीम ने अब तक अदालत में कोई प्रगति रिपोर्ट पेश नहीं की है।साक्ष्य के दौरान फ रार हुए आरोपी का मामला वर्ष 2019 का है जिसमें आरोपी नीलम ने अपने साथियों मनीष मिश्रा और अजय यादव के साथ मिलकर अपने ही पति अवतार सिंह की हत्या कर दी थी। आरोपियों ने शव को भीमताल रोड पर कार के अंदर पेट्रोल डालकर जला दिया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान आरोपी मनीष मिश्रा ने वर्ष 2022 में उच्च न्यायालय से मिली जमानत का दुरुपयोग कर फ रार हो गया था जिसके खिलाफ अदालत ने गैर.जमानती वारंट भी जारी किए थे ।

पत्र के अनुसार मुखय आरोपी नीलम चौधरी भी जमानत मिलने के बाद से फ रार है। चौंकाने वाली बात यह है कि नीलम को जमानत लेने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी अब जांच के आदेश दिए गए हैं। न्यायालय ने नीलम के जमानत बंधपत्र को पहले ही जबत कर लिया है और उसके खिलाफ भी गिरफ्तारी के वारंट जारी हैं। कोर्ट इस बात से भी नाराज है कि जमानत देने वाले लोगों ने आरोपियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने में कोई सहयोग नहीं किया।

इस हत्याकांड की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मृतक अवतार सिंह के पिता और उनकी बेटी ने खुद न्यायालय में उपस्थित होकर आरोपियों के खिलाफ बयान दर्ज कराए थे। अभियोजन पक्ष की ओर से अब तक कुल 20 गवाहों के बयान कराए जा चुके हैं। मामला वर्तमान में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश नैनीताल की अदालत में लंबित है लेकिन मुखय आरोपियों के गायब होने से न्याय प्रक्रिया में बाधा आ रही है। जिला शासकीय अधिवक्ता ने एसएसपी से मांग की है कि भीमताल थाना पुलिस और गठित विशेष टीम को तत्काल निर्देशित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि फ रार आरोपियों को जल्द गिरफतार कर आगामी 23 जनवरी 2026 (शुक्रवार) तक न्यायालय के समक्ष प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। पत्र में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि पुलिस टीम द्वारा अब तक की गई कार्रवाई के बारे में न्यायालय को समय पर सूचित नहीं करना एक गंभीर लापरवाही है।

# पीएम श्री अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा कॉलेज में 7 दिवसीय एनएसएस के स्पेशल कैंप शुरू

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने पीएम श्री अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस के स्पेशल कैंप का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र स्वयंसेवक के लिए यह एक गहन कार्यक्रम है। जिसमें वह गोद लिए गांव, झोपड़पट्टी में सामुदायिक सेवा, साक्षरता, स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों को लेकर अभियान चलाते हैं। चुघ ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवा सामाजिक चुनौतियां से जोड़ते हैं और श्रम की गरिमा को बढ़ावा देते हैं। आज का युवा देश का भविष्य है और एनएसएस के माध्यम से राष्ट्र तथा समाज सेवा के प्रति जागरूक होते हैं। समाज को स्वस्थ और समृद्ध बनाने में युवाओं का अहम योगदान है ऐसे में आज के युवा अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से समझे और राष्ट्र तथा समाज हित के लिए सदैव आगे बढ़कर कार्य करें। इस मौके पर आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डीएस पांडे,राजकीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री विवेक पंवार,ब्लॉक अध्यक्ष किशनराम आर्य, गिरीश चंद्र शर्मा,कार्यक्रम अधिकारी, यतेंद्र सिंह यादव,देवेंद्र पाल सिंह, आलोक राय, विशाल सरकार ,वीरेंद्र ध्यानी अजय मिश्रा आदि मौजूद थे।



# कुविवि नैनीताल की क्रिकेट (महिला) टीम ने बढ़ाया विश्वविद्यालय का मान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की महिला क्रिकेट टीम ने महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफ इनल में प्रवेश कर लिया है।

कुविवि के प्रभारी क्रीड़ाधिकारी डा.संतोष कुमार के मुताबिक इस प्रतियोगिता में उत्तर क्षेत्र की अग्रणी विश्वविद्यालयों की अत्यंत प्रतिस्पर्धी टीमें भाग लेती हैं। ऐसे उच्च स्तर की प्रतियोगिता में सेमीफाइनल तक पहुँचना विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय कामयाबी है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ ही कुमाऊँ विश्वविद्यालय की महिला क्रिकेट टीम ने ऑल इंडिया



इंटर यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट चैंपियनशिप 2025-26 के लिए सफलतापूर्वक क्वालीफाई कर लिया है। उन्होंने कहा कि विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत के कुशल दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय चतुर्मुखी विकास की ओर अग्रसर है तथा अकादमिक तथा शोध आदि के अतिरिक्त खेलकूद के क्षेत्र में भी निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। दूसरी ओर खिलाडियों की कामयाबी पर डीएसबी परिसर नैनीताल की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत, कुलानुशासक प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट समेत प्रो. चित्रा पांडेय, प्रो. रजनीश पांडेय, प्रो.अतुल जोशी, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. बीना पांडेय, प्रो.अमित जोशी, प्रो. महेंद्र सिंह राणा,विवि के कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह, वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ राजेश कुमार सहित विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं खिलाडियों ने हर्ष व्यक्त किया है।